महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिंदी विश्वविद्यालय में ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

वर्धा 31 अक्टूबर 2023 : सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में आज 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री की अध्यक्षता में ऑनलाइन पद्धती से राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गयी। कुलपति डॉ. मेत्री ने राष्ट्रीय एकता शपथ का वाचन किया जिसे उपस्थितों द्वारा दोहराया गया। राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने और मजबूत करने के साथ-साथ हमारे समर्पण को



बढ़ावा देने और सुदृढ़ करने के लिए 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऑनलाइन शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कादर नवाज़ ख़ान, वित्ताधिकारी पी. सरदार सिंह, विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी तथा क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता, क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज एवं सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपुर, अमरावती के शिक्षक, विद्यार्थी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305